# 11 जाट राजवंश

1. भरतपुर की रानी किशोरी देवी किस शासक की पत्नी थी?
(1) जसवंत सिंह (2) बलवंत सिंह
(3) रणजीत सिंह (4) सूरजमल (4)

2. 1900 ई. में भरतपुर के किस शासक को अंग्रेजों ने गद्दी से हटाकर दिल्ली भेज दिया और उसके अव्यस्क पुत्र को राजा बना दिया?
(1) बलवंत सिंह (2) रणधीर सिंह
(3) रामसिंह (4) बृजेन्द्र सिंह (3)

3. किस मुगल शासक ने चूड़ामन को 'राव' की उपाधि दी और उसे बारामूला से सिकन्दरा तक के शाही मार्ग से राहदारी वसूलने का अधिकार दिया?
(1) बहादुरशाह (2) औरंगजेब
(3) फर्रूखशियर (4) मुहम्मदशाह (3)
**व्याख्या–** खान–ए–दौरा ने चूड़ामन को मुगल दरबार में उपस्थित होने के लिए राजी कर लिया। 27 सितम्बर, 1713 ई. को चूड़ामन मुगल दबार में उपस्थित हुआ। फरूखसियर ने उसे माफी देकर राव की उपाधि दी तथा बारामूला से सिकन्दरा तक के शाही मार्ग की राहदारी की वसूली का अधिकार दे दिया। मगर कुछ समय बाद ही इसने लूटमार का रास्ता अख्तियार कर लिया।

4. महाराजा सूरजमल के बचपन का नाम था–
(1) सूर्यभान (2) सुजानसिंह
(3) समुद्र सिंह (4) सूर्यकरण (2)

5. 1754 ई. में महाराजा सूरजमल के विरुद्ध कुम्हेर के किले के घेरे में कौनसा मराठा सेनानायक मारा गया था?
(1) खांडेराव होल्कर (2) मल्हार राव होल्कर
(3) सदाशिव राव भाऊ (4) जयप्पा सिंधिया (1)
**व्याख्या–**मार्च 1754 ई. में मराठा सेनानायक खांडेराव होल्कर (मल्हार राव होल्कर का पुत्र) ने सूरजमल पर आक्रमण कर दिया। कुम्हेर के किले के घेरे में खांडेराव मारा गया।

6. किस कछवाहा शासक ने बदनसिंह को 'राजा' व 'ब्रजराज' की उपाधि तथा जागीरे प्रदान की थी?
(1) बिशनसिंह (2) मिर्जा राजा जयसिंह
(3) मानसिंह प्रथम (4) सवाई जयसिंह (4)
**व्याख्या–** अगस्त 1723 ई. में सवाई जयसिंह ने 50 हजार सैनिकों के साथ आक्रमण किया। जाटों को पराजित करता हुआ थून के किले पर अधिकार कर लिया तो बदनसिंह ने सवाई जयसिंह की अधीनता स्वीकार कर ली। जयसिंह ने बदनसिंह के सिर पर टीका लगाकर उसे राजा व ब्रजराज की उपाधि एवं जागीरें प्रदान की।

7. धौलपुर के किस शासक ने 1804 ई. में अंग्रेजों से संधि की?
(1) कीरत सिंह (2) राणा भगवंत सिंह
(3) राणा निहालसिंह (4) रामसिंह (1)
**व्याख्या–** राणा कीरतसिंह ने 29 जनवरी, 1804 ई. को अंग्रेजों के साथ सहायक संधि कर ली थी।

8. मुगलों के विरूद्ध हुए प्रथम जाट विद्रोह का नेता कौन था?
(1) राजाराम जाट (2) श्यामलाल
(3) गोकुल जाट (4) चूड़ामन जाट (3)
**व्याख्या–** औरंगजेब की नीतियों के फलस्वरूप 1669 ई. में मथुरा क्षेत्र के जाटों ने तिलपत के एक स्थानीय जाट जर्मीदार गोकुल के नेतृत्व में जाट विद्रोह किया।

9. 1764 ई. में दिल्ली के लाल किले पर आक्रमण कर वहाँ से अष्टधातु का दरवाजा लाकर भरतपुर के दुर्ग में किसने लगवाया था?
(1) जवाहर सिंह (2) सूरजमल
(3) रणजीतसिंह (4) रणधीरसिंह (1)
**व्याख्या–** यह दरवाजा अलाउद्दीन खिलजी चित्तौड़गढ़ से उतारकर दिल्ली के झीरी के किले पर लगवाया था, बाद में शाहजहाँ ने इसे लाल किले पर लगवाया, जहाँ से 1765 ई. में जवाहरसिंह ने भरतपुर के लौहागढ़ दुर्ग में उत्तरी प्रवेश द्वार पर लगवाया।

10. जाट वंश का 18वीं शताब्दी के मध्य में किन भू–भागों पर आधिपत्य था?
(1) भरतपुर व करौली (2) धौलपुर व करौली
(3) अलवर व करौली (4) भरतपुर व धौलपुर (4)

11. मंगलसिंह द्वारा रचित 'सुजान समत विलास' किस शासक के काल में लिखी गई थी?
(1) महाराजा शंभूसिंह (2) महाराजा कीरतसिंह
(3) महाराजा सूरजमल (4) महाराजा बदनसिंह (3)

12. महाराजा सूरजमल की मृत्यु के बाद भरतपुर की राजगद्दी किस शासक ने सम्भाली थी?
(1) केसरी सिंह (2) रणजीतसिंह
(3) महाराजा बलदेव सिंह (4) जवाहर सिंह (4)

13. महाराजा जवाहर सिंह ने लौहागढ़ दुर्ग में 'जवाहर बुर्ज' का निर्माण किस विजय की याद में करवाया था?
(1) मल्हार राव होल्कर को परास्त करने की याद में
(2) मावण्डा– मंढोली के युद्ध की विजय में
(3) दिल्ली विजय की याद में
(4) इनमें से कोई नहीं (3)
**व्याख्या–** जवाहरसिंह ने दिल्ली विजय की याद में लोहागढ़ दुर्ग में 1765 ई. में जवाहर बुर्ज का निर्माण करवाया।

14. भरतपुर शासक रणजीत सिंह ने अंग्रेजों के साथ संधि कब की थी?
(1) 10 सितम्बर 1803 (2) 29 सितम्बर 1803
(3) 20 सितम्बर 1803 (4) 19 सितम्बर 1803 (2)

15. निम्न में से किस शासक को उनकी वीरता व बहादुरी के लिए 'सवाई' व 'बहादुरजंग' की उपाधि से सुशोभित किया गया था?
(1) महाराजा जसवंत सिंह (2) महाराजा रामसिंह
(3) महाराजा किशनसिंह (4) महाराजा बृजेन्द्र सिंह (4)

16. निम्न में से किस शासक ने डीग, कुम्हेर, भरतपुर व वैर के दुर्गो का निर्माण करवाया था?
(1) सूरजमल (2) चूड़ामन
(3) बदनसिंह (4) गोकुल जाट (3)

**व्याख्या–** थून, सिनसिनी, सोगर और अन्य किलों को पहले शाही सेना ने नष्ट कर दिया था, अब उनके स्थान पर बदनसिंह ने डीग, कुम्हेर, भरतपुर और वैर के दुर्गो का निर्माण करवाया।

17. 1879 ई. में भरतपुर के किस शासक ने ब्रिटिश सरकार से साथ नमक संधि की, जिसके तहत् भरतपुर राज्य में नमक उत्पादन पर रोक लगा दी गई?
(1) महाराजा रामसिंह (2) महाराजा बृजेन्द्र सिंह
(3) महाराजा जसवंत सिंह (4) महाराजा बलवंत सिंह (3)

18. निम्न में से किस शासक ने धौलपुर में 'इजलास खास' की स्थापना की थी?
(1) राणा उदयभानसिंह (2) राणा कीरत सिंह
(3) राणा रामसिंह (4) राणा भगवंत सिंह (4)

**व्याख्या–** इजलास खास जिसमें महाराजा व दीवान बैठकर अपीले व संगीन मुकदमें सुनते थे।

19. निम्न में से किस शासक ने लौहागढ़ दुर्ग में 'जवाहर बुर्ज' का निर्माण करवाया था?
(1) सूरजमल (2) जवाहर सिंह
(3) बदनसिंह (4) रतनसिंह (2)

20. 1721 ई. में जयसिंह ने भरतपुर के किस शासक को परास्त कर 'थून का किला' छीन लिया था?
(1) सूरजमल (2) बदनसिंह
(3) चूड़ामन (4) जवाहर सिंह (3)

**व्याख्या–** 1721 ई. में चूड़ामल ने विष पीकर आत्महत्या कर ली।

21. महाराजा जवाहर सिंह ने दिल्ली विजय की याद में लोहागढ़ दुर्ग में 'जवाहर बुर्ज' का निर्माण कब करवाया था?
(1) 1765 ई. (2) 1760 ई.
(3) 1756 ई. (4) 1766 ई. (1)

22. 20 अक्टूबर, 1752 ई. को वजीर सफदरजंग ने बादशाह से भरतपुर के किस शासक को स्वतंत्र शासक बनवाया और महेन्द्र की पदवी से उसे विभूषित किया गया था?
(1) सूरजमल (2) जवाहरसिंह
(3) बदनसिंह (4) रतनसिंह (1)

23. वह शासक जिसने वैर के जागीरदार बहादुरसिंह पर आक्रमण (अगस्त 1765 ई.) कर वैर के किले को अपने अधिकार में कर लिया था?
(1) महाराजा रतनसिंह (2) महाराजा सूरजमल
(3) जवाहर सिंह (4) महाराजा रणधीर सिंह (3)

24. जवाहर सिंह व मराठों के मध्य 'जाट-मराठा' संधि कब हुई थी?
(1) सितम्बर 1767 ई. (2) नवम्बर 1768 ई.
(3) अक्टूबर 1768 ई. (4) जनवरी 1767 ई. (1)

**व्याख्या–** जवाहर सिंह की मराठा विरोधी गतिविधियों से पेशवा भी चिन्तित हो गया। उसने जवाहर सिंह से संधि करना हितकर समझा। सितम्बर 1767 ई. में जाट-मराठा संधि हुई।

25. 1890 ई. ब्रिटिश सरकार ने भरतपुर के किस शासक की तोपों की सलामी को बढ़ाकर 17 से 19 कर दी थी?
(1) जवाहर सिंह (2) महाराजा जसवंत सिंह
(3) रणजीत सिंह (4) महाराजा बलदेव सिंह (2)

26. 1707 ई. में औरंगजेब की मृत्यु के पश्चात् हुए जाजऊ के युद्ध में आजम की पराजित सेना को भरतपुर के किस शासक ने लूट लियाथा।
(1) चूड़ामन (2) राजाराम
(3) सूरजमल (4) गोकुल (1)

27. निम्न में से किस स्थान पर जाट वंश का शासन नहीं था?
(1) भरतपुर (2) डीग
(3) धौलपुर (4) करौली (4)

28. मावण्डा-मंढ़ोली का युद्ध किनके मध्य हुआ था?
(1) जवाहर सिंह व माधोसिंह प्रथम के मध्य
(2) बदनसिंह व जयसिंह के मध्य
(3) सूरजमल व सवाई ईश्वरी के मध्य
(4) महाराजा बलदेवसिंह व सवाई जयसिंह (1)

**व्याख्या–** पुष्कर से वापस लौटते समय जवाहर सिंह की सेना पर माधोसिंह प्रथम की सेना ने मावण्डा व मंढ़ोली गाँव के पास आक्रमण कर दिया, जिसमें माधोसिंह प्रथम विजय हुआ।

29. भरतपुर का वह शासक जिसने जाट-कच्छवाहा मैत्री संबंध स्थापित किये और अपने राज्य का विस्तार किया था?
(1) बदनसिंह (2) सूरजमल
(3) केसरी सिंह (4) रतनसिंह (1)

**व्याख्या–** 1730 ई. में बदनसिंह ने मेवात क्षेत्र में मेवों का दमन कर जयसिंह को प्रसन्न किया। बदनसिंह शांतिप्रिय शासक था।

30. बलवंत सिंह के अवयस्क होने के कारण किसके नेतृत्व में 'रीजेन्सी कौंसिल' का गठन किया गया तथा शासन कार्य पॉलिटिकल एजेन्ट को सौंपा गया?
(1) किशोरी देवी (2) इन्द्र कँवरी
(3) राजकुँवरी (4) अमृत कुँवरी (4)

31. निम्न में से कौनसा शासक भरतपुर राज्य का शासक नहीं था?
(1) महाराजा सूरजमल (2) महाराजा बदनसिंह
(3) राणा कीरत सिंह (4) महाराजा बृजेन्द्र सिंह (3)

**व्याख्या–** राणा कीरत सिंह धौलपुर राज्य का शासक था।

32. राजाराम की मृत्यु के बाद (1688 ई.) किसने जाट नेतृत्व की बागड़ोर संभाली थी?
(1) फतहसिंह (2) कीरत सिंह
(3) राणा रतनसिंह (4) सूरजमल (1)

**व्याख्या–** राजाराम की मृत्यु के बाद उसके पुत्र फतहसिंह ने जाटों का नेतृत्व संभाला परंतु वह बिशनसिंह द्वारा पराजित हो गया और सिनसिनी पर कच्छवाहा शासक बिशनसिंह का अधिकार हो गया।

33. वह मुगल फौजदार जिसने जाट आन्दोलन को कुचल दिया तथा गोकुल जाट को बंदी बनाकर उसकी हत्या कर दी थी?
(1) जहाँदार शाह (2) बीदर बख्श
(3) हसन अली खाँ (4) शाह अली (3)

34. 1753 ई. में जब जयपुर नरेश माधोसिंह भरतपुर किले को देखने आए, तब वहाँ भरतपुर का कौनसा शासक निवास कर रहा था?
(1) बलवंत सिंह　(2) सूरजमल
(3) रणधीर सिंह　(4) बलदेव सिंह　(2)

35. अहमदशाह अब्दाली के लौटने के बाद सूरजमल ने एक महीने के घेरे के बाद 12 जून, 1761 ई. को किस किले पर अधिकार कर लिया था ?
(1) दिल्ली　(2) भरतपुर
(3) आगरा　(4) धौलपुर　(3)

36. धौलपुर के महाराणा निहाल सिंह के बारे में कौनसा कथन सत्य नहीं है?
(1) इनके नाबालिग होने के कारण धौलपुर राज्य का शासन प्रबंधन 'सर दिनकर राव' को सौपा गया।
(2) 1875 ई. में इन्होनें मिस्टर स्मिश को धौलपुर राज्य में भूमि बंदोबस्त करने के लिए बुलाया।
(3) मुंशी कन्हैयालाल व दुर्गादास के सहयोग से 1877 ई. तक बंदोबस्त पूर्ण हुआ।
(4) 1911 ई. में इनका निधन हो गया।　(4)
व्याख्या– निहाल सिंह का निधन 1901 ई. में हुआ था।

37. भरतपुर के किस शासक के शासन काल में पूर्वी राजपूताने के राज्यों के पॉलिटिकल एजेंट का कार्यालय धौलपुर से हटाकर भरतपुर स्थानान्तरित किया गया–
(1) जसवंत सिंह　(2) रामसिंह
(3) रणधीर सिंह　(4) रतनसिंह　(2)

38. महाराजा रणधीर सिंह की निःसंतान (7 अक्टूबर, 1823) मृत्यु हो जाने के बाद भरतपुर का शासक कौन बना था?
(1) रणजीत सिंह　(2) बलवंत सिंह
(3) बलदेव सिंह　(4) बृजेन्द्र सिंह　(3)

39. महाराजा जवाहर सिंह द्वारा ऐतिहासिक लाल किले से लूटकर लाए गए अष्ट धातु किवाड़ को भरतपुर दुर्ग के किस प्रवेश द्वार पर लगाया गया था?
(1) पूर्वी प्रवेश द्वार　(2) उत्तरी प्रवेश द्वार
(3) दक्षिणी प्रवेश द्वार　(4) पश्चिमी प्रवेश द्वार　(2)

40. 1806 ई. में भरतपुर के शासक कौन थे, जिन्होंने मोतीराम को यहाँ का कोतवाल नियुक्त किया एवं 'रणजीत सिंह की छतरी' व महल का निर्माण करवाया?
(1) महाराजा रणधीर सिंह　(2) महाराजा बलदेव सिंह
(3) महाराजा रणजीत सिंह　(4) महाराजा बलवंत सिंह　(1)

Dhindhwal Publication Read and Achieve